

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

पुलिस | PATWAR | HIGH COURT | रेलवे (JE, Group-D, TC, RPF) | BANK | SSC (CGL, 10+2, CPO-SI, MTS) | शिक्षक (I st ग्रेड) | REET (I, II Level)

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 16 December 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 16 दिसंबर का इतिहास

- **1971 :** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम पर सहमति के बाद बांग्लादेश पाकिस्तान से पृथक होकर स्वतंत्र राष्ट्र बना।
- **1993 :** नई दिल्ली में सभी के लिए शिक्षा सम्मेलन प्रारंभ हुआ।
- **1985 :** तमिलनाडु के कलपक्कम में पहले फास्ट ब्रीडर टेस्ट रिएक्टर की स्थापना की गई।
- **1929 :** कलकत्ता विद्युत आपूर्ति निगम ने हुगली नदी के भीतर नहर की खुदाई आरंभ की।

## 16 दिसंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम 10 जनवरी को भारत-श्रीलंका सीरीज के पहले वनडे की मेजबानी करने के लिए तैयार है। श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला के बाद न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो और घरेलू श्रृंखलाएं होंगी।
- जापान, ब्रिटेन ओर इटली अपनी अगली पीढ़ी की जेट लड़ाकू परियोजनाओं का विलय कर रहे हैं ताकि 2035 तक एक उन्नत फ्रंट-लाइन 6वीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान तैयार किया जा सके। यह पहली बार है कि जापान, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका की भागीदारी के बिना एक रक्षा परियोजना में सहयोग कर रहा है। यह परियोजना इसे क्षेत्र में चीन और रूस के बढ़ते हठधर्मिता का मुकाबला करने के लिए एक कदम के रूप में देखा जा रहा है।
- भारतीय टीवी कलाकार देव जोशी चंद्रमा के चारों और एक यात्रा के लिए युसाकु मेजवा के साथ एक निजी स्पेस एक्स उड़ान पर चंद्रमा के चारों और यात्रा के लिए चुना है। देव जोशी को सोनी सब के बाल वीर और बालवीर रिटर्न्स में बाल वीर की भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है।
- दक्षिण सूडान ने खसरे के मामलों की संख्या में लगातार वृद्धि के बाद खसरे के प्रकोप की घोषणा की है। इस संदर्भ में खसरे की स्थिति को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक रिपोर्ट जारी की। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश भर के 22 काउंटियों में 31 मौतें और 2471 खसरे के मामले सामने आए है। दक्षिण सूडान में 2021 से बार-बार खसरे का प्रकोप देखा गया है।
- विश्व बैंक और चेन्नई अर्बन मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी द्वारा चेन्नई में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विश्व बैंक ने अपनी प्रमुख जेंडर टूलकिट लॉन्च की। यह टूलकिट इनेबलिंग जेंडर रेस्पोंसिव अर्बन मोबिलिटी एंड पब्लिक स्पेसेज पर आधारित है। इसका उद्देश्य गतिशीलता और शहर के आसपास के लैंगिक मुद्दों को सुर्खियों में लाना है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विश्व मलेरिया रिपोर्ट 2022 जारी की गई।
- दिग्गज अमेरिकी खेल पत्रकार ग्रांट वाहल का फीफा विश्व कप के दौरान कतर में निधन हो गया।
- छत्तीसगढ़ में शिशुपाल पहाड़ी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि एक अंतर्राज्यीय बस स्टैंड भी बनाया जाएगा और सरायपाली शहर में नल जल योजना भी शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि भादरा तालाब का गहरीकरण किया जाएगा तथा ग्रामीण हाट बाजार का भी उन्नयन किया जाएगा। बघेल ने नए बलौदा थाने का उद्धघाटन किया। यह 60 गांवों के क्षेत्र को कवर करेगा।
- चार बार के विधायक सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश के 15वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। समारोह में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। निवर्तमान विधानसभा में विपक्ष के नेता मुकेश अग्निहोत्री राज्य के पहले मुख्यमंत्री होंगे। जमीनी स्तर के नेता और बस चालक के बेटे सुखविंदर सिंह सुक्खु का मुख्यमंत्री पद तक पहुंचना प्रदेश कांग्रेस में पीढ़ीगत बदलाव का संकेत है। देशभर में छत्तीसगढ़ और राजस्थान के बाद यह तीसरा राज्य है, जहां कांग्रेस की सरकार होगी।
- केंद्र ने परम वीर चक्र प्राप्तकर्ताओं के नाम पर केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार में 21 निर्जन द्वीपों का नाम रखने का फैसला किया है। उत्तर और मध्य अंडमान में आईएनएएन 370 नंबर के द्वीप का नाम मेजर सोमनाथ शर्मा के नाम पर रखा गया है। अब इसे सोमनाथ द्वीप के नाम से जाना जाएगा।
- सर्वोच्च न्यायलय ने सरकार से राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा मुस्लिम महिलाओं के लिये विवाह की न्यूनतम आयु को अन्य धर्मो के लोगों के समान करने के लिये दायर याचिका पर जवाब देने के लिए कहा।
- अरूणाचल प्रदेश ने सेवा आपके द्वार 2.0 अभियान का 7वां संस्करण लॉन्च किया। यह अभियान ऊपरी सियांग जिले के गोसांग गांव में शुरू किया गया था। अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ राज्य में रहने वाले लोगों के घर तक पहुंचे। सेवा आपके द्वार 2.0 एसएडी कार्यक्रम से अलग है क्योंकि यह ग्रामीणों की वास्तविक जरूरत पर आधारित है।

काव्य क्लासेज डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. गोवा राज्य पर्पल फेस्ट विकलांग व्यक्तियों के लिए पहले उत्सव की मेजबानी कब करेगा ?**

(A) 2023 (B) 2024
(C) 2025 (D) 2026

**(A)** पर्पल फेस्ट विकलांक व्यक्तियों के लिए राज्य में पहला समावेशी उत्सव 6 से 8 जनवरी 2023 तक पणजी में आयोजित किया जाएगा। इसकी मेजबानी विकलांग व्यक्तियों के लिए गोवा राज्य आयोग द्वारा गोवा के समाज कल्याण और मनोरंजन सोसायटी निदेशालय के सहयोग से की जाएगी। मेले में देश भर से बड़ी संख्या में लोग शिरकत करेंगे।



**2. इंडिया ग्लोबल फोरम का दुबई व अबू धाबी में आयोजन कब से कब तक किया जा रहा है ?**

(A) 12 से 16 दिसंबर तक (B) 13 से 17 दिसंबर तक
(C) 14 से 18 दिसंबर तक (D) 15 से 19 दिसंबर तक

**(A)** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यूएई में इंडिया ग्लोबल फोरम 2022 का उद्घघाटन किया। इंडिया ग्लोबल फोरम का आयोजन 12 से 16 दिसंबर तक दुबई व अबू धाबी में किया जा रहा है। यह पाँच दिवसीय भव्य आयोजन है जो भारत, यूएई और दुनिया भर से प्रमुख राजनीतिक, व्यापारिक और सांस्कृतिक हस्तियों को एक साथ लगाया।



**3. किस राज्य के बीज फॉर्म को देश का पहला कार्बन तस्टस्थ फार्म घोषित किया गया?**

(A) ओडिशा (B) तमिलनाडु
(C) केरल (D) तेलंगाना

**(C)** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने अलुवा में स्थित एक बीज फॉर्म को देश का पहला कार्बन तटस्थ फॉर्म घोषित किया। मुख्यमंत्री ने अपने बयान में कहा कि कृषि विभाग के तहत आने वाले इस बीज फॉर्म को कार्बन उत्सर्जन में काफी कमी आने के कारण मदद मिली और इसने कार्बन तटस्थ होने का दर्जा हासिल कर लिया।



**4. हाल ही में किसे केंद्र सरकार ने बी-20 का अध्यक्ष नियुक्त किया ?**

(A) अनिल अंबानी (B) सुनील अंबाई
(C) मनोज देसाई (D) एन चंद्रशेखरन

**(D)** हाल ही में केंद्र सरकार ने बी-20 का अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन को नियुक्त किया। बी-20 इंडिया का काम टास्क फोर्स और एक्शन काउंसिल के माध्यम से संचालित किया जाएगा, जो जी-20 के लिए आम सहमति आधारित नीतिगत सिफारिशें विकसित करेगा। यह 22-24 जनवरी 2023 को निर्धारित प्रांरभिक बैठक के बाद विभिन्न कार्यबलों और कार्य परिषदों पर काम शुरू करेगा, जिसका समापन अगस्त 2023 में बी-20 इंडिया समिट में होगा।



**5. हाल ही में जारी हुरून ग्लोबल 500 सूची 2022 के अनुसार दुनिया की 20 सबसे मूल्यवान कंपनियों के साथ भारत दुनिया की शीर्ष 500 फर्मो वाले देशों में भारत किस स्थान आ गया ?**

(A) दूसरे (B) चौथे
(C) पांचवें (D) सातवें

**(C)** हाल ही में जारी हुरून ग्लोबल 500 सूची 2022 के अनुसार दुनिया की 20 सबसे मूल्यावान कंपनियों के साथ भारत दुनिया की शीर्ष 500 फर्मो वाले देशों में पांचवें स्थान पर आ गया है। पिछले साल भारत 8 कंपनियों के साथ 9वें स्थान पर था। हुरून रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा जारी की गई यह सूची दुनिया की 500 सबसे मूल्यवान गैर-राज्य नियंत्रित कंपनियों का संकलन है।



**6. हाल ही में वनडे क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक किसने बनाया है?**

(A) सूर्य कुमार यादव (B) क्रिस गेल

(C) विराट कोहली (D) इशान किशन

**(D)** ईशान किशन ने वनडे करियर में अपना पहला दोहरा शतक बांग्लादेश के खिलाफ लगाया। यह उनके करियर का पहला शतक भी है। किशन ने चटगांव में अपनी पारी के दौरान कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। वह वनडे में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। किशन 131 गेंद पर 210 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में 24 चौके और 10 छक्के लगाए।




**7. वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट पहल का विषय किस पहल के साथ कर दिया गया है ?**

(A) आकांक्षी जिला कार्यक्रम (B) डिस्ट्रिक्ट एज एक्सपोर्ट हब

(C) एक भारत श्रेष्ठ भारत (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** हाल ही में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट पहल का डिस्ट्रिक्ट एज एक्सपोर्ट हब पहल के साथ विलय कर दिया गया है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट एक पहल है जिसे एक जिले के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन करने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम के रूप में देखा जाता है। इसका उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना है।




**8. हाल ही में चुनाव आयोग ने TRS का नाम बदलकर क्या करने का प्रस्ताव स्वीकार किया है ?**

(A) BRC (B) PRC

(C) NRS (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में चुनाव आयोग ने TRS का नाम बदलकर BRC करने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। केसीआर ने इसी साल अपनी पार्टी तेलंगाना राष्ट्र समिति का नाम बदलकर भारत राष्ट्र समिति कर दिया था। टीआरएस को लिखे पत्र में चुनाव आयोग ने उनकी पार्टी के नाम बदलने के अनुरोध का पत्र जारी करते हुए कहा कि आपकी पार्टी का नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति से भारत राष्ट्र समिति करने का अनुरोध स्वीकार कर लिया है।



**9. माइग्रेशन एंड डेवलपमेंट ब्रीफ रिपोर्ट कौन जारी करता है ?**

(A) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (B) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम

(C) यूनिसेफ (D) विश्व बैंक

**(D)** हाल ही में जारी माइग्रेशन एंड डेवलपमेंट ब्रीफ रिपोर्ट के अनुसार भारत में इस वर्ष रेमिटंस, रिकॉर्ड $100 बिलियन को छू सकता हैं। यह नवीनतम रिपोर्ट विश्व बैंक द्वारा जारी की गई है। पिछले वर्ष यानी 2021 में भारत को $89.4 बिलियन रेमिटेंस के रूप में मिले थे।




**10. निम्नलिखित में से कौन मौद्रिक नीति समिति का पदेन अध्यक्ष होता है ?**

(A) वित्त मंत्री (B) भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर

(C) गृह मंत्री (D) वित्त सचिव

**(B)** हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने मौद्रिक नीति की समीक्षा की। भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45ZB 6 सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति का प्रावधान करती है। इसका गठन केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है। इस तरह की पहली समिति का गठन 29 सितंबर, 2016 को किया गया था।

